तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



4 जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम साय





4 60 से अधिक विदेशी सहित 10 हजार से अधिक धावक दौड़े




## खबर संक्षेप

### कोहरे में गाड़ी चलाते समय हेडलाइट चालू रखें : आरटीओ

**जगदलपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा सड़क हादसों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त यात्री बस संचालक, कामर्शियल वाहन चालकों से अपील की है कि घने कोहरे में गाड़ी चलाते समय गति कम करें और हेडलाइट चालू रखें। हेडलाइट को हमेशा लो बीम मोड पर रखें ताकि आप सड़क को ठीक से देख सकें। अगर वाहन में फॉग लैंप है तो उन्हें चालू रखें। कोहरे में न सिर्फ देखना महत्वपूर्ण है, बल्कि दूसरों को दिखाई देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है हमेशा सतर्क रहें। कोहरे में हमेशा धीरे गाड़ी चलाएं, अपने वाहन की हेडलाइट्स चालू करें। उन्हें लो बीम मोड में रखें, सुनिश्चित करें कि आप दिखाई दे रहे हैं। अपनी वाहन की फॉग लैंप और पार्किंग लाइट चालू करें। वाहनों के बीच हमेशा सुरक्षित दूरी बनाए रखें, लेन अनुशासन का पालन करते हुए ओवरटेक से बचें। यदि गाड़ी चलाना वास्तव में असंभव हो तो पूरी तरह से किनारे रोक दें और अपनी इंडिकेटर लाइट को चालू रखें।

### टमाटर 8-10 रुपए किलो बिका, हरी सब्जियां आईं



**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में हरी सब्जियों के कमी आने से ग्राहकों ने राहत की सांस ली है, दिसंबर की तुलना में जनवरी में सब्जियों के दाम में कमी आई है। इस बार टमाटर के दाम कम होने के बाद 8-10 रुपए किलो तक पहुंचा है। सब्जी के दाम कम होने से राहत मिली है, सब्जी के दाम कम होने से लोग बड़ी मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं। मांग से अधिक सब्जियों का उत्पादन होने के कारण टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, टमाटर समेत सभी मौसमी सब्जियां काफी सस्ती हो गई हैं। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 80, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 100 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 20 जूड़ी बिक रही है।

# सड़क में भीड़ अधिक होने से परीक्षा केन्द्र तक नहीं पहुंच पाए 25 अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को 24 परीक्षा केंद्र में 11870 अभ्यर्थियों ने भविष्य के शिक्षकों की परीक्षा दी। वहीं दूसरी ओर धरमपुरा के केन्द्रों में लगभग 25 अभ्यर्थी सड़क में भीड़ अधिक होने से परीक्षा नहीं दे पाए। जिला प्रशासन द्वारा पूर्व निर्धारित ड्रेस कोड और समय सीमा के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जहां बायोमेट्रिक जांच और सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को अपनी सीट तक जाने की अनुमति मिली।

कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में 14174 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 11870 अभ्यर्थियों ने उपस्थित होकर परीक्षा दी, जबकि 2304 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने समय को लेकर भी विशेष सख्ती बरती।

नकल रोकने के लिए तीन उड़नदस्ता दलों ने लगातार केंद्रों का निरीक्षण किया, वहीं 24 अधिकारियों ने बतौर पर्यवेक्षक परीक्षा सामग्री के परिवहन से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं को जमा करने तक की जिम्मेदारी संभाली। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को इस पूरी प्रक्रिया के लिए समन्वयक केंद्र बनाया गया था, जहां से पूरे परीक्षा संचालन की निगरानी की गई।

**बायोमैट्रिक जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को अपनी सीट तक जाने की अनुमति मिली**





### अभ्यर्थियों में दिखा उत्साह

शहर के 15 केंद्रों पर 5599 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4523 उपस्थित रहे, जिससे उपस्थिति का प्रतिशत 80.78 रहा। वहीं दोपहर 3 बजे से आयोजित द्वितीय पाली में उच्च प्राथमिक स्तर (बीएड धारी) के अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। चूंकि इस वर्ग में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक थी, इसलिए प्रशासन ने 24 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए थे। सुबह की तुलना में दूसरी पाली में अभ्यर्थियों का उत्साह अधिक दिखा, जहां 8575 में से 7347 अभ्यर्थी शामिल हुए और उपस्थिति का प्रतिशत बढ़कर 85.68 तक पहुंच गया। कुल मिलाकर 83.74 प्रतिशत औसत अभ्यर्थियों ने अनुशासन का पालन करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## शहर के सूने घरों में की गई चोरी की वारदातों का खुलासा

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को पकड़ा, जेवरात व नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के सन सिटी इलाके में रहने वाले एक जूता कारोबारी के मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। वारदात के महज 24 घंटे के भीतर चोरी को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह को पकड़ लिया गया है।

- चोरी के पीछे हरियाणा के एक शातिर गिरोह का था हाथ

शहर के त्रिवेणी परिसर में रविवार को आयोजित पत्रवार्ता में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि चोरी के पीछे हरियाणा के एक शातिर गिरोह का हाथ था। गिरोह के सदस्य पहले भिलाई पहुंचे थे, जहां कुछ समय रुकने के बाद वे जगदलपुर आए, यहां उन्होंने अलग-अलग इलाकों में कई मकानों की रेकी की। सन सिटी कॉलोनी में स्थित जूता कारोबारी का मकान कॉलोनी के आखिरी छोर पर होने और पीछे की ओर दूसरा मकान नहीं होने के कारण चोरों को आसान लगा। साथ ही मकान के पीछे की तरफ एक अतिरिक्त दरवाजा होने से चोरी को अंजाम देना उनके लिए सुविधाजनक हो गया। घटना के बाद आरोपियों की तलाश में जिले के विभिन्न थानों की टीमों, साइबर सेल, डीएसपी स्तर के अधिकारियों की अगुवाई में कई टीमें गठित की गई थीं, फारेंसिक टीम की भी मदद ली गई। आरोपी पंजाबी खरड निवासी 24 वर्षीय अभिषेक खंडारा, भिलाई निवासी 50 वर्षीय नरेन्द्र सिंग, हरियाणा निवासी 23 वर्षीय विषाल वाल्मिकी एवं भिलाई निवासी 34 वर्षीय विक्की कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 2 नग सोने का मंगलसूत्र, 2 नग सोने का चैन, एक नग सोने का लॉकेट, 4 जोड़ी सोने का कान का रिंग, 7 नग सोने का लेडिस अंगुठी, एक ▶▶| शेष पेज 04 पर

### कार्रवाई में शामिल ये रहे अधिकारी

महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित देवागंन एवं डीएसपी सायबर गितिका साहू, निरीक्षक भोला सिंह राजपूत, शिवानंद सिंह, सुरेश जांगडे, गौरव तिवारी लीलाधर राठौर, उपनिरी अरूण मरकाम, छबिल टांडेकर, प्रमोद सिंह ठाकुर, ललित नेगी, सहायक उपनिरीक्षक लम्बोदर कष्यप, प्रआर. अजय साहु, विनोद चांदने, धनसिंह सोनवानी, धमेन्द्र कंवर, आरक्षक रंगलाल खरे, महेन्द्र पटेल, मंहगु कश्यप, लोकनाथ साहनी, शामदेव कश्यप, कृष्ण कुमार नेताम, तरूण यादव, धनेश्वर यादव, सोने कुमार, गौतम, प्रदीप कश्यप, हिमांशु यादव, हेमचंद मौर्य, बलराम राणा है।

## नर्मदेश्वर घाट स्वच्छता अभियान से दिया स्वच्छ भारत का संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम जगदलपुर के अंतर्गत महाराजा प्रवीर चंद्र शक्ति केंद्र के विजय वार्ड स्थित पवित्र नर्मदेश्वर घाट में स्वच्छता को लेकर विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान स्वच्छ भारत अभियान की भावना से प्रेरित होकर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।

- धार्मिक स्थलों की स्वच्छता से सामाजिक चेतना को मिला नया आयाम

सफाई अभियान के दौरान वार्ड के कार्यकर्ताओं ने कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान किया और घाट परिसर में फैले कचरे को हटाकर स्वच्छ वातावरण बनाने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि नर्मदेश्वर घाट की संपूर्ण सफाई होने तक यह अभियान प्रत्येक रविवार निरंतर जारी रखा जाएगा, जिससे यह धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुंदर और उपयोगी बना रहे।

अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और समर्पण स्पष्ट रूप से देखने को मिला। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से न केवल घाट की साफ-सफाई की गई, बल्कि समाज में यह संदेश भी दिया गया कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस प्रकार के अभियानों से जनभागीदारी को बढ़ावा मिलता ▶▶| शेष पेज 04 पर

## बस्तर संभाग में 13 लाख 55 हजार मी. टन धान की खरीदी

**जगदलपुर।** संभाग के सात जिलों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी की प्रक्रिया अपने अंतिम चरणों की ओर बढ़ते हुए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित द्वारा 31 जनवरी तक जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक संभाग के 382 उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 13 लाख 55 हजार 914 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस अभियान में अब तक 2 लाख 25 हजार से अधिक किसानों ने अपनी उपज बेची है। इस वर्ष की धान खरीदी में कांकेर जिला पूरे संभाग में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां के किसानों ने सर्वाधिक उत्साह दिखाते हुए 5 लाख 6 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान केंद्रों में बेचा है, जो कि पूरे संभाग की कुल खरीदी का एक तिहाई से भी अधिक हिस्सा है। कांकेर के बाद कोंडागांव ने 3.13 लाख मीट्रिक टन और बस्तर जिले ने 2.78 लाख मीट्रिक टन धान बेचकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। इस दौरान सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है, क्योंकि धान बेचने के साथ-साथ किसानों ने लगभग 797 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड ऋण वसूली भी जमा कराई है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आए सुधार का स्पष्ट संकेत है। अब तक 3 करोड़ 22 लाख बारदानों का उपयोग किया जा चुका है और टोकन तुंहर हाथ योजना के तहत जारी किए गए 2,56,501 टोकनों में से 2,56,133 टोकनों पर खरीदी की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

- 382 उपार्जन केंद्रों में 2 लाख से अधिक किसानों ने बेची उपज

## केन्द्रीय बजट विकसित भारत लक्ष्य की दिशा में अहम कदम - किरण

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने संसद में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2026–27 का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह केन्द्रीय बजट ऐतिहासिक है। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है, जिसमें समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। इस विकासमुखी बजट में वे सभी प्रावधान शामिल हैं, जिनकी अपेक्षा देश की जनता करती है। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने केन्द्रीय बजट को सर्वस्पर्शी बताते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। राष्ट्र की विकास गति निरंतर आगे बढ़ती रहे, इसके लिये बजट में मजबूत आधार तैयार किया गया है।

भाजपा जिला कार्यालय में आज रविवार को आयोजित पत्रवार्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बजट प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट में कर सुधार,विनिर्माण और तकनीक पर विशेष फोकस ▶▶| शेष पेज 04 पर

**"सबका साथ–सबका विकास" को पूर्णतः परिभाषित करता है बजट- केदार**



## 150 से अधिक गुड सेमेरिटन सड़क सुरक्षा मितान और जागरूक नागरिक सम्मानित



**जगदलपुर।** 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन समारोह 31 जनवरी को पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर, लालबाग जगदलपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन बस्तर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया, जो पूरे 30 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर संचालित रहा।

समापन समारोह में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड श्रीनिवास राव मद्दी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं गरिमामयी उपस्थिति में जगदलपुर महापौर संजय पांडे, बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, बस्तर रेंज आईजी सुंदर राज पी,कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा,पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा,जिला पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, पत्रकार संघ अध्यक्ष मनीष गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं अर्जुन कुमार कुर्रे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुलीचंद बंजारे सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

- 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन

कार्यक्रम में गुड सेमेरिटन अर्थात सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नागरिकों,सड़क सुरक्षा मितान, यातायात जागरूकता के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, वाहन चालकों,आम नागरिकों एवं रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा लगभग 150 लोगों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं निःशुल्क ▶▶| शेष पेज 04 पर




## खबर संक्षेप

### 5 परिवार को दी गई 20 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवार को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील नानगुर ग्राम मांझीगुड़ा निवासी जितेन्द्र नाग की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लक्ष्मण नाग को, ग्राम नानगुर निवासी कुमारी हर्षिला की मृत्यु सर्पदंश से पिता कमल को, तहसील जगदलपुर ग्राम मावलीगुड़ा निवासी गंगाराम नाग की मृत्यु सर्पदंश से पिता कमलसाय को, ग्राम कुरंदी निवासी कुमारी मुस्कान कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता बुधरूराम को सहायता दी जा रही है। तहसील बास्तानार ग्राम बड़ेकिलेपाल-3 जुनाटप्पा निवासी लखमी पोयाम की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र मड्डा पोयाम को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### पहले ही प्रयास में जैद बने डॉक्टर

**गीदम।** मोहम्मद जैद को पहले ही



प्रयास में एमसीआई एग्जाम पास करने की सफलता मिली है, जिससे वे डॉक्टर बन गए हैं। मोहम्मद जैद डॉक्टर आजम के छोटे भाई और हिन्द मेडिकल के संचालक के बेटे हैं। उन्होंने रूस से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। इस सफलता पर परिवार और गीदम के लोगों में खुशी व्यक्त की है। नगर वासियों, शुभचिंतकों और परिवार के लोगों ने उनको शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके परिवार और शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। उनकी इस सफलता पर उनके परिवार ने कहा कि वे अपने बेटे की इस सफलता से बहुत खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि वे आगे चलकर एक अच्छा डॉक्टर बनेंगे।

### माता पहुंचानी 5 को, 6 एवं 7 को वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल में परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ 5 फरवरी को माता पहुंचानी का आयोजन किया जाएगा।

# जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- पारंपरिक स्टॉलों का किया अवलोकन जनजातीय संस्कृति की सराहना की



जिले के हाई स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक शैली में सजे विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर आदिवासी कला, संस्कृति, वेशभूषा और हस्तशिल्प से जुड़ी वस्तुओं का बारीकी से अवलोकन किया। उनके साथ वन मंत्री केदार कश्यप तथा राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा भी उपस्थित रहे।

स्टॉल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदर्शित सामग्रियों की जानकारी ली और वहां मौजूद कलाकारों व ग्रामीणों से संवाद किया। जनजातीय संस्कृति पर आधारित वेशभूषा एवं आभूषण के स्टॉल में पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री साय ने भाटपाल निवासी दिनेश सलाम के 6 वर्षीय पुत्र सुब्रमण्यम सलाम से आत्मीयता से हाथ मिलाया और हालचाल जाना, जिससे कार्यक्रम स्थल पर भावनात्मक माहौल बन गया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार बस्तर पण्डुम के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक विरासत को संरक्षित व संवर्धित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपनी जनजातीय सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़े रहने का आह्वान किया तथा कहा कि ऐसी पहलें स्थानीय कला और परंपराओं को नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होंगी।

## अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन–2026 : सीएम साय ने हरी झंडी दिखा किया शुभारंभ

# 60 से अधिक विदेशी सहित 10 हजार से अधिक धावक दौड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर





जिला प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन–2026 का कल प्रातः 6 बजे हाईस्कूल परिसर, नारायणपुर से भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा सांकेतिक दौड़ लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नारायणपुर से बासिंग तक 21 कि.मी. दूरी में आयोजित इस मैराथन में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें 60 से अधिक विदेशी धावक भी शामिल रहे।

- मुख्यमंत्री ने भी लगाई दौड़, शांति और विश्वास का सशक्त संदेश

नारायणपुर पुलिस द्वारा की गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के चलते आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इससे पहले अबूझमाड़ खेल महोत्सव के अंतर्गत पहले वालीबाल, फुटबॉल प्रतियोगिता एवं अबूझमाड़ बैडमिंटन लीग का भी आयोजन किया गया था। साथ ही सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें मलखंभ अकादमी द्वारा प्रस्तुति दी गई और साथ ही साथ ड्रोन एवं लेजर शो का आयोजन भी किया गया था।

### 140 पुनर्वासित पूर्व माओवादी युवाओं ने की सहभागिता

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि पुनर्वास योजना के अंतर्गत मुख्यधारा में लौट चुके लगभग 140 पुनर्वासित पूर्व माओवादी युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक मैराथन में सहभागिता की। यह सहभागिता क्षेत्र में शांति, विश्वास बहाली एवं सफल पुनर्वास प्रक्रिया का सशक्त प्रतीक बनी। आयोजन पूर्व हाईस्कूल परिसर में जुंबा वॉर्मअप सत्र आयोजित किया गया। साथ ही समापन स्थल बासिंग में भी कुल डाउन जुंबा, स्वल्पाहार, फिजियो, मेडिकल की व्यवस्था की गई थी।




### ये रहे उपस्थित

मैराथन का समापन समारोह बासिंग में आयोजित किया गया, जहां माननीय सांसद बस्तर महेश कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम तथा जिला पंचायत नारायणपुर की अध्यक्ष नारायण मरकाम की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन अवसर पर सभी विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार के चेक एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। नारायणपुर पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

### चार श्रेणियों में किया गया था मैराथन का आयोजन

नारायणपुर श्रेणी (पुरुष/महिला)
बस्तर श्रेणी (पुरुष/महिला)
ओपन श्रेणी (पुरुष/महिला)
टीम रन (चार सदस्यीय टीम, प्रथम धावक महिला अनिवार्य)

**प्रतियोगिता का परिणाम -**

**ओपन श्रेणी – पुरुष**
प्रथम फिरोम्सा अरावसुतार – इथियोपिया
द्वितीय अक्षय कुमार – मेरठ (उ.प्र.)
तृतीय टेबेजे किनेटो – इथियोपिया
चतुर्थ संदीप कुमार ध्रुव – सिहावा, जिला धमतरी
पंचम मेघनाथ यादव – राजनांदगांव

**ओपन श्रेणी – महिला**
प्रथम मुन्नी देवी – सांडवा, भिवानी (हरियाणा)
द्वितीय वंदना – वाराणसी (उ.प्र.)
तृतीय इडा जेरोटिच – इथियोपिया
चतुर्थ बसंती कुमारी – जमशेदपुर (झारखंड)
पंचम दशोदा सिक्का – दुर्ग

**बस्तर श्रेणी – पुरुष**
प्रथम मंकू राम नाग – कोंडागांव
द्वितीयमनोज करटाम – बीजापुर
तृतीय फूलधर नेताम – कोंडागांव
चतुर्थ दासी राम मंडावी – कोंडागांव
पंचम संजय कोरटाम – कोंडागांव

**बस्तर श्रेणी – महिला**
प्रथम प्रमिला मंडावी – लोहंडीगुड़ा, बस्तर
द्वितीय कुमली पोयाम – जगदलपुर
तृतीय कुसुम शार्दुल – बस्तर
चतुर्थ कंचन नेताम – कांकेर
पंचम संतोषी भंडारी – बीजापुर

**नारायणपुर श्रेणी – पुरुष**
प्रथम रस्सू – कौशलनार
द्वितीय विजय उसेंडी – ओरछा
तृतीय तेजेश्वर करंगा – देवगांव
चतुर्थ धनसिंह वड्डे – नारायणपुर
पंचम जयसिंह कुमेटी – खड़कगांव

**नारायणपुर श्रेणी – महिला**
प्रथम रीना उइके – लापसी, नारायणपुर
द्वितीय सानी सलाम – बोरावंड
तृतीय लता मंडावी – धुतखर
चतुर्थ शांति कचलाम – नारायणपुर
पंचम उर्मिला करंगा – नारायणपुर

**टीम रन**
प्रथम भिलाई स्टील सिटी टीम
द्वितीय दुर्ग रनर्स
तृतीय डीआरजेड (दल्ली राजहरा)
चतुर्थ सुकमा टीम
पंचम जगदलपुर बस्तर टीम

# चिपावंड को महतारी सदन की मिली सौगात



**कोण्डागांव।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिपावंड में नवनिर्मित महतारी सदन भवन का लोकार्पण राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शासकीय योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना और जनजातीय दिवस की शुरुआत को जनजातीय गौरव को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कोंडागांव की शिल्पकला एवं हुनर की सराहना करते हुए कहा कि जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने महतारी सदन के लोकार्पण पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता का नया केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए महतारी वंदन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखपति दीदी योजना को महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल बताया।

**12 समूहों को मिला सीड लाइसेंस** – कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ में पहली बार बिहान समूह की महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका सेवा केंद्र के अंतर्गत 12 संगठनों को सीड लाइसेंस प्रदान किया गया। जिससे वे कृषि सखी के माध्यम से अपने क्षेत्र में सेवाएं दे सकेंगी। इस अवसर पर 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 4 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, 4 लखपति दीदी को पुरस्कार प्रदान किए गए।

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं रहीं उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत माकड़ी अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पेज 3 के शेष

### पुलिस ने अंतर्राज्यीय...

सोने का जेंट्स, अंगुठी, 2 नग चांदी का पायल, एक नग गणेष मुर्ति, एक नग दुर्गा मुर्ति, नगदी रकम 70 हजार, बोलेरा वाहन क्रमांक सीजी 16 बी 3917, मोबाइल 3 नग, पन्द्रह लाख रुपए जब्त किया।

**घटना में वाकीटाकी का उपयोग :** बताया जा रहा है कि सुने मकान में चोरी करने हेतु कर एक आरोपी द्वारा वाकीटाकी एवं औजार लेकर अंदर घुसकर चोरी करना एवं बाहर नजर रखकर अंदर गये आरोपी को सूचना देने हेतु दूसरे आरोपी द्वारा बाहर वाकीटाकी लेकर खड़ा रहना। सूचना आदान प्रदान करने के लिये आरोपियो द्वारा वाकीटाकी का उपयोग किया जाता था।

### नर्मदेश्वर घाट स्वच्छता...

है और स्वच्छता को लेकर सामाजिक चेतना सुदृढ़ होती है। इस पूरे अभियान को नगर मंडल पश्चिम जगदलपुर स्तर पर मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। आयोजन के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया गया कि आने वाले समय में ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

अभियान का नेतृत्व विजय वार्ड के बूथ अध्यक्ष ढालेश्वर नाग ने किया। यह कार्यक्रम महाराजा प्रवीर चंद्र शक्ति केंद्र प्रभारी अविनाश सिंह गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नगर मंडल पश्चिम जगदलपुर अध्यक्ष प्रकाश झा का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त रहा। अभियान में प्रवीण वार्ड के बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा सहित शक्ति केंद्र के बीएलए-2 संतोष बत्रा एवं सोमेश नाग,निर्मल बघेल,इजरायल बघेल,मोहन बघेल,शुभम नाग, नवीन नाग,प्रकाश उइके,साहिल खान,चिंटू बघेल,आर्या बघेल, अफजल खान,प्रभाकर नाग,महेश सोना,राजा राम बघेल एवं समीर बघेल उपस्थित रहे।

**सेवा, संकल्प और सामाजिक जिम्मेदारी :** विजय वार्ड स्थित नर्मदेश्वर घाट में प्रारंभ किया गया यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत अभियान की मूल भावना को साकार करता है। प्रत्येक रविवार निरंतर चलने वाले इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया है कि धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदारी को निरंतर बढ़ाया जाएगा। जिससे समाज में स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत हो सके।

### केन्द्रीय बजट विकसित भारत...

किया गया है। मध्यम वर्ग के लिये व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई कर व्यवस्था को और अधिक आकर्षक बनाया गया है। 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को कर-मुक्त किया गया है। वेतनभोगी कर्मचारियों की मानक कटौती सीमा बढ़ाकर 75 हजार रुपये करने का प्रस्ताव भी सराहनीय है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिये कर कटौती की सीमा बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है।पत्रवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय,पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप,महापौर संजय पाण्डेय,सुधीर पाण्डेय,श्रीनिवास मिश्रा,आर्येन्द्र आर्य,रजनीश पाणिग्रही,परीस बेसरा,प्रकाश झा एवं अविनाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**लिथियम आयरन बैटरी सहित 12 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क समाप्त :** किरण सिंह देव ने कहा कि लिथियम आयरन बैटरी सहित 12 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क समाप्त किये जाने से ईवी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद सस्ते होंगे। राज्यों को बुनियादी ढांचे के विकास के लिये 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षों के लिये ब्याज-मुक्त ऋण जारी रखने का निर्णय भी विकास को गति देगा। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2026–27 में राज्य के लिये अनेक रणनीतिक प्रावधान किये गये हैं। खनिज संपन्न एवं जनजातीय बहुल राज्य होने के कारण कनेक्टिविटी, जनजातीय कल्याण और औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**सबका साथ–सबका विकास" सशक्त रूप से परिभाषित :** कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि केन्द्रीय बजट में महिलाओं,युवाओं और वंचित वर्गों के लिये व्यापक नीतियां एवं वित्तीय प्रावधान किये गये हैं। "सबका साथ–सबका विकास" के संकल्प को इस बजट में सशक्त रूप से परिभाषित किया गया है। नारी शक्ति को आर्थिक विकास का स्तंभ मानते हुए स्व-सहायता समूहों से जुड़ी तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। एक करोड़ युवाओं को देश की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की योजना का विस्तार किया गया है, जिसमें 5,000 रुपये मासिक भत्ता शामिल है। युवा उद्यमियों के लिये व्यवसाय विस्तार हेतु सरल प्रावधान भी किये गये हैं। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह नौवां केन्द्रीय बजट ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ सभी को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं और यह बजट उस लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### 150 से अधिक गुड...

हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज में सकारात्मक संदेश देने और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। समापन समारोह के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात नियमों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति दी गई,जिसने उपस्थित जनसमूह को जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुति को अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों ने सराहा। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगाएं,शराब पीकर वाहन न चलाएं, ओवरस्पीड एवं खतरनाक ओवरटेकिंग से बचें तथा सड़क दुर्घटना के घायलों को तुरंत सहायता प्रदान करें।

**बाइक हेलमेट रैली,स्कूल-कॉलेजों में यातायात जागरुकता कार्यक्रम :** बस्तर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जिलेभर में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बाइक हेलमेट रैली,स्कूल-कॉलेजों में यातायात जागरुकता कार्यक्रम, साप्ताहिक हाट-बाजारों में बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्रचार, ऑटो-टैक्सी-बस-ट्रक-ट्रैक्टर चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण, ड्राइविंग लाइसेंस शिविर, यात्री बसों की जांच, नुक्कड़ नाटक, गणतंत्र दिवस पर सड़क सुरक्षा एवं साइबर जागरुकता झांकी, आवारा मवेशियों में रेडियम बेल्ट लगाना, रेडियम ट्री रिफ्लेक्टर लगाना, एनसीसी-एनएसएस कैडेट्स को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं विजेताओं का सम्मान जैसे अनेक कार्यक्रम शामिल रहे।

**ट्रैफिक नियमों का पालन करें :** समापन अवसर पर एक बार फिर सभी अतिथियों एवं बस्तर पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई कि सड़क सुरक्षा को व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा हो सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, वाहन चालक, शिक्षक, सड़क सुरक्षा मितान, गुड सेमेरिटन, आम जनता के साथ-साथ पुलिस, प्रशासन एवं यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोटर एक्सीडेंट क्लेम पर ब्याज को टैक्स-मुक्त करना पीड़ित परिवारों के लिए बड़ी राहत: मंत्री



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के परिवहन मंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने केंद्रीय बजट 2026-27 में मोटर एक्सीडेंट क्लेम से जुड़े ब्याज को आयकर से पूर्णतः मुक्त किए जाने तथा उस पर टीडीएस समाप्त करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। कश्यप ने इस मानवीय एवं जन-कल्याणकारी फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहाँ ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आते हैं, पीड़ित परिवारों को मुआवजा प्राप्त करने में लंबा समय लग जाता है। इस दौरान मुआवजे पर मिलने वाला ब्याज उनके लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहारा होता है, लेकिन अब तक उस पर कर एवं टीडीएस की कटौती से उन्हें वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता था। परिवहन मंत्री ने कहा कि यह निर्णय उन परिवारों के लिए विशेष राहत है जो दुर्घटना में कमाने वाले सदस्य को खो देते हैं या गंभीर रूप से घायल होते हैं। टैक्स-मुक्त ब्याज से उन्हें इलाज, पुनर्वास और दैनिक जीवन की आवश्यकताओं में सीधी सहायता मिलेगी। श्री कश्यप ने कहा कि बजट 2026-27 में जहाँ कुल कर अनुमान लगभग 34 लाख करोड़ रखा गया है, वहीं मोटर एक्सीडेंट क्लेम पर दी गई यह छूट यह दर्शाती है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता केवल राजस्व नहीं, बल्कि मानव संवेदना और सामाजिक न्याय भी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा, दुर्घटना पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

### छत्तीसगढ़ के संदर्भ में इस निर्णय के लाभः

1- मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) द्वारा दिए गए ब्याज पर अब कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा।
2- टीडीएस पूरी तरह समाप्त होने से छत्तीसगढ़ के पीड़ितों को क्लेम की पूरी राशि सीधे प्राप्त होगी।
3- यह प्रावधान 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा और उसके बाद मिलने वाला ब्याज पूरी तरह कर-मुक्त रहेगा।

## विधायक सुश्री लता उसेंडी की रही गरिमामय उपस्थिति

# 'आदिवासी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही अमूल्य विरासत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी बुधवार की शाम कोंडागांव के स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित बस्तर पण्डुम 2026 के जिला स्तरीय समारोह में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने विभिन्न जनजातीय स्टॉलों का अवलोकन किया और बस्तर की समृद्ध संस्कृति से रूबरू हुईं। उन्होंने जनजातीय परंपरा के प्रतीक गोदना कला को अपनाते हुए हाथ में गोदना भी गुदवाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि बस्तर पण्डुम जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में शासन की एक सराहनीय पहल है। उन्होंने जनजातीय आयोग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि आदिवासी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही अमूल्य विरासत है। बस्तर पण्डुम जैसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने और समझने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में शासन की महत्वपूर्ण पहल बताया।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, समाज प्रमुखों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित



**तोकापाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उमावि मावलीभाटा ने प्राथमिक शाला बाकटीपारा 28 से 3 फरवरी तक 7 दिवसीय शिविर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर मौन धारण किया गया। स्वयंसेवको के द्वारा कार्यक्रम प्रभारी उग्रेस सोरी व सहा. कार्यक्रम अधिकारी नगेश दास के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल हैंडपंप के पास सोखता गढ्डा निर्माण, बाकटीपारा चौक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाकटीपारा में साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर उनका भजन रघुपति राघव व वैष्णव जन भजन का गायन समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व स्वयंसेवकों के द्वारा गाया गया। शिविर में प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बाकटीपारा के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र छात्राएं भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। वार्डवासियों एवं ग्रामवासियों के द्वारा एनएसएस के कार्य को सराहा जा रहा है।

### दुर्गम नक्सल क्षेत्र में कलेक्टर का पैदल भ्रमण



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे द्वारा ग्राम मंगनार से आश्रित ग्राम बोधघाट तक 10 किमी दोपहिया एवं 5 किमी पैदल यात्रा कर ग्राम गुण्डा से बुड्डुगुफा होते हुए तुलार गुफा (ग्राम पंचायत गुवाल) का भ्रमण किया गया। यात्रा के दौरान बुड्डुगुफा, तुलार गुफा पहुंच मार्ग का जायजा लिया गया एवं ग्रामीणों से सीधी चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने सड़क, पुल-पुलिया, उप स्वास्थ्य केंद्र, शाला भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत मांगें रखीं, जिन पर कलेक्टर द्वारा शीघ्र स्वीकृति का आश्वासन दिया गया।
कलेक्टर द्वारा तुलार गुफा स्थित शिव मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पहुंच मार्ग निर्माण में सहयोग का भरोसा दिलाया, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रशासन की इस सक्रिय पहल से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की सकारात्मक शुरुआत मानी जा रही है। इस दौरान जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी, सुरक्षा बल, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण

**बीजापुर।** भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, सकनापल्ली में आज नवनिर्मित विद्यालय भवन का भव्य लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के पश्चात सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया। मुख्य अतिथि कविता कोरम के करकमलों से रिबन काटकर नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया।

# मिशन सेहत के लिए अभिनव पहल, कलेक्टर ने तकनीकी पेंच सुलझाकर बुजुर्ग को दिलाया आयुष्मान कार्ड

## भाटपाल में स्वास्थ्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा ने शनिवार को बस्तर विकासखंड का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकासखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और भाटपाल के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि मौके पर मौजूद समस्याओं का तत्काल निराकरण भी करवाया।

कलेक्टर का इस दौरे में मानवीय संवेदना और प्रशासनिक तत्परता का अनूठा पहल देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर का विशेष ध्यान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर रहा। जब उनके संज्ञान में यह बात आई कि आधार अपडेट न होने और फेस ऑथेंटिकेशन जैसी तकनीकी खामियों के चलते कुछ बुजुर्गों के कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि तकनीकी बाधाओं को कारण बताकर हितग्राहियों को लौटाया नहीं जा सकता। उनकी मौजूदगी में ही दोबारा प्रयास किया गया और तकनीकी अड़चनों को दूर करते हुए मौके पर ही बुजुर्ग का कार्ड बनाया गया। कलेक्टर ने





जोर देकर कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए संवेदनशीलता के साथ प्रयास किया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं के डिजिटलीकरण पर जोर देते हुए कलेक्टर छिकारा ने मैदानी अमले को आभा आईडी के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले मरीजों की केवल पर्ची न काटी जाए, बल्कि उनकी डिजिटल आईडी तैयार की जाए। इसका लाभ यह होगा कि मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा। भविष्य में यदि वह मरीज किसी बड़े अस्पताल में रेफर होता है, तो वहां के डॉक्टरों को यह पता लगाने में आसानी होगी कि पूर्व में उसका क्या इलाज हुआ है और उसे कौन सी दवाइयां दी गई हैं। इसके साथ ही गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग पर फोकस करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले चरण में कलेक्टर भाटपाल स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, विशेषकर टीकाकरण और संस्थागत प्रसव का लाभ दूरस्थ अंचलों तक शत-प्रतिशत पहुंचना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही सेवाओं से वंचित न रहे। कलेक्टर के इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, एसडीएम गगन शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सी मैत्री, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीना लक्ष्मी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ नारायण नाग सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## व्यापारियों में उम्मीद-निराशा का मिश्रण,मध्यम वर्ग और गृहणियां असमंजस में

# आम आदमी से दूर, उद्योगपतियों का बजट : कांग्रेस













हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय बजट को लेकर राजनीतिक,व्यापारिक और सामाजिक स्तर पर जगदलपुर सहित पूरे बस्तर में मिलीजुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कांग्रेस ने बजट को आम आदमी, गरीब और मध्यम वर्ग से कटे हुए बताते हुए इसे चुनिंदा उद्योगपतियों के हित में तैयार किया गया दस्तावेज करार दिया है। वहीं व्यापारिक संगठनों ने इसे मिश्रित बजट बताते हुए कुछ प्रावधानों पर उम्मीद जताई है,जबकि गृहणियों और आम नागरिकों में बजट को लेकर स्पष्टता का अभाव देखा गया।

कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें महंगाई नियंत्रण, किसानों की आय वृद्धि और युवाओं के लिए ठोस रोजगार सृजन का कोई स्पष्ट रोडमैप नजर नहीं आता। भारतीय मुद्रा की गिरती स्थिति,बढ़ती महंगाई और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर बजट मौन है। मध्यम और गरीब वर्ग के लिए प्रत्यक्ष राहत न होने से निराशा का माहौल है। वहीं छत्तीसगढ़ और विशेषकर बस्तर अंचल के लिए किसी बड़े प्रावधान का अभाव क्षेत्रीय उपेक्षा को दर्शाता है। बस्तर चेम्बर एंड इंड्रस्टीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने अपने प्रतिक्रिया में कहा व्यापारिक संगठनों का मानना है कि वर्तमान बजट में सामान्य और रेल बजट को एक साथ देखने की परंपरा के कारण वास्तविक लाभों की तस्वीर कुछ समय बाद स्पष्ट होगी। रेल कॉरिडोर को लेकर संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में बस्तर को भी इसका लाभ मिल सकता है। महिलाओं के स्व-रोजगार, ग्रामीण विकास और युवाओं के कौशल संवर्धन से जुड़ी योजनाओं को सकारात्मक कदम माना गया है, हालांकि जमीनी असर को लेकर अभी प्रतीक्षा है।

### मध्यम वर्ग उपेक्षित, बस्तर की जरूरतें फिर अनदेखी

पर्यावरण प्रेमी इन्द्रावती बचाओ आंदोलन और बस्तर रेल आंदोलन से जुड़े पूर्व चेम्बर अध्यक्ष किशोर पारख ने और सामाजिक चिंतकों ने बजट को आंकड़ों का खेल बताते हुए कहा कि लोअर मिडिल और मिडिल क्लास के लिए इसमें कोई ठोस राहत नहीं है। बस्तर में यात्री रेल विस्तार,नई रेल लाइनें और नई ट्रेनों जैसे बुनियादी मुद्दों का उल्लेख न होना निराशाजनक है। खनिज संसाधनों से जुड़े प्रावधानों को कॉरपोरेट हितों से जोड़कर देखा जा रहा है,जिससे स्थानीय विकास को लेकर सवाल खड़े होते हैं।

### बजट पर प्रमुख प्रतिक्रियाएं

बजट को लेकर कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य का कहना है कि यह दस्तावेज आमजन और गरीब वर्ग की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज करता है और इसमें महंगाई,किसानों की आय, युवाओं के रोजगार तथा मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई है। व्यापारिक दृष्टिकोण से बजट को मिश्रित बताते हुए रेल कॉरिडोर, महिला रोजगार और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर सीमित उम्मीद जताई गई है। वहीं सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़ी पूर्व प्राचार्य डा सुषमा झा और आम आदमी पंडित दृशान चक्रवती के आवाज़ों का मानना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कर राहत जैसे मुद्दों पर बजट अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। आम नागरिकों की राय में बजट जटिल है,जिससे गृहणियां और सामान्य परिवार खुद को इससे जुड़ा हुआ महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

## दरभा बीईओ ने ली संकुल प्राचार्य व संकुल समन्वयक की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

दरभा ब्लॉक के शाउमावि नेगानार में शनिवार को दरभा बीईओ जगदीश पात्र ने संकुल प्राचार्य व संकुल समन्वयक की बैठक ली। जिसमें जिला प्रशासन के निर्देशो एवं मार्गदर्शन पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें यू-डाईस डाटा का स्कूल, शिक्षक, छात्र प्रोफाइल पर चर्चा करते हुए बालवाडी व कक्षा 1ली से 12वीं तक के सभी बच्चों का अपार आईडी जनरेट करने तथा आधार में बायोमेट्रिक अपडेट पूर्ण करने कहा गया। साथ ही छात्रवृत्ति कक्षा 3 री से 12वीं तक बैंक से खाता खोलने, आधार सीडिंग, ई केवाईसी पूर्ण कर बीईओ लागिन में प्रेषित करने कहा गया। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, विद्यया समीक्षा केन्द्र एप्प में शिक्षकों का पंजीयन व उपस्थिति पर चर्चा किया गया। विनोबा एप्प उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधि और सम्पर्क स्मार्ट कक्षा संचालन पर चर्चा की गई। बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता एवं एफएलएन की मूलभूत दक्षताओं के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

5वीं व 8वीं केन्द्रीयकृत परीक्षा की तैयारी करने हेतु चर्चा की गई। जाति प्रमाण पत्र, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, एमडीएम एप में बच्चों की दैनिक उपस्थिति भेजने, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति को लेकर चर्चा किया गया। बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता, पाठ्यक्रम, लर्निंग आउटकम पर चर्चा की गई। सीजी स्कूल, समग्र शिक्षा, चर्चा पत्रक, अभ्यास पुस्तिका, बालबाडी संचालन, बच्चों की छात्रवृत्ति, समावेशी शिक्षा सहित सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में बीईओ जगदीश पात्र, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# शिक्षक संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान एवं जिला के निर्देशानुसार, ब्लॉक इकाई दरभा के पदाधिकारी एवं सदस्यों के प्रतिनिधि, मण्डल विकास खण्ड अध्यक्ष बुधराम कश्यप के नेतृत्व में शिक्षक संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार सुनील कुमार ध्रुव, नायब तहसीलकार जयंत कुमार नेताम, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीरेंद्र बहादुर तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी शेख तौफिक खान के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन स्वीकार करते हुए अधिकारियों ने ज्ञापन को संबंधितों तक भेजे जाने की बात कही ।

ज्ञापन में उच्च न्यायालय बिलासपुर में रमेश चन्द्रवंशी के डब्लूपीएस/2255/2021 एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय 23 जनवरी 2026 के तहत पूर्व सेवा



की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने का आदेश जारी करना, केंद्र सरकार के समान 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात 50 प्रतिशत का प्रावधान करना, दस वर्ष के बजाय पांच वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को दस वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल (वन टाइम रिलेक्सेशन) कर पांच वर्ष में क्रमोन्नति देना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारम्भ करना, मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेना अन्य मांगे शामिल है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला संयोजक मंगलराम मौर्य, सलीम शाह,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जुलेखा शाह, ब्लॉक संगठन मंत्री अरविंद सिंह, लखीराम शेट्टी, शहनाज खान, मनोहर सिंह बरनाला, चैतराम नाग, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रमोद कुमार मरावी, जितेश द्विवेदी, संतोषी पांडेय,सफ़ीना शेख, गंगाराम उइके तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बस्तरिया राउत, रावत, यादव समाज का जिला स्तरीय वार्षिक उत्सव



**गीदम।** ग्राम पंचायत छिंदनार में बस्तरिया राउत, रावत, यादव समाज का जिला स्तरीय 31वां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में यादव समाज की एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर, समाज के हर क्षेत्र में विकास, नशा मुक्ति, विवाह रीति रिवाज, कर्मचारियों का योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बुलुराम यादव ने कहा कि यादव समाज को एकजुट होकर समाज के विकास के लिए काम करना होगा। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज के लोगों को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा और उन्हें समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रमेश यादव, चरण यादव, जिला सचिव सार्तिक यादव, जिला सहसचिव सोहन यादव, कोषाध्यक्ष मनीराम यादव, राकेश यादव कर्मचारी प्रकोष्ट रामचरण यादव, घीनूराम यादव, चन्द्रनाथ यादव, हरिलाल यादव, पीलाराम यादव, लक्ष्मण यादव, रघुनाथ यादव, रघुवीर यादव, सोहन यादव सहित जिला पदाधिकारी, ब्लाक पदाधिकारी, समाज प्रमुख और ग्रामों से आये हुए हजारों की संख्या में यादव भाई-बहन शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और समाज के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

# नक्सलवाद के अंधेरे को चीर रही विकास की रोशनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन सुकमा अब उन क्षेत्रों तक अपनी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित कर रहा है, जिन्हें कभी अगम्य माना जाता था। कलेक्टर अमित कुमार के कुशल निर्देशन में कोंटा विकासखंड के धुर नक्सल

- दुब्बामरका में सरकारी योजनाओं की दस्तक

प्रभावित क्षेत्र दुब्बामरका में भव्य जनजागरूकता अभियान सह शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ । बल्कि ग्रामीणों के बीच प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास का सशक्त उदाहरण भी बना। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ ऑन द स्पॉट आवेदन एवं त्वरित समाधान की सुविधा प्रदान की गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में प्रक्रियागत देरी और दूरी की बाधाएं प्रभावी रूप से समाप्त हुईं।

### तिरंगा भोजन से पोषण की नई समझ

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सत्र ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र रहा। महिलाओं को तिरंगा भोजन विभिन्न रंगों के पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणाम, घरेलू हिंसा के विरुद्ध उपलब्ध कानूनी प्रावधान तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की उपयोगिता पर भी जागरूकता फैलाई गई। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 3 प्रकरण तैयार किए गए तथा 6 (फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम पंजीयन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ जिले के अंतिम छोर पर निवासरत व्यक्ति तक पहुंचे। दुब्बामरका जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता यह दर्शाती है कि क्षेत्र में विकास और शांति की नई बयार बह रही है।

### स्वास्थ्य और नशामुक्ति का संदेश

दुर्गम अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने एवं समाज को कुरीतियों से मुक्त करने के लिए नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वस्थ एवं जागरूक जीवनशैली का संदेश दिया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता ने सुना केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण, भविष्य के रोडमैप पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

केंद्र सरकार के बजट सत्र के तहत बचेली मंडल में केंद्रीय बजट लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 3 स्थित हरीश शर्मा की दुकान के समीप आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता एकत्रित हुई।

मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण महापात्र की गरिमामयी उपस्थिति में वित्त मंत्री के बजट भाषण का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। बजट भाषण के दौरान उपस्थित लोगों ने देश की आर्थिक दिशा और



जनकल्याणकारी योजनाओं पर बारीकी से ध्यान दिया।

भाषण समाप्त होने के पश्चात महापात्र और अन्य जनप्रतिनिधियों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर आम जनता के साथ विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ साथ नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित सरकार, मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, जिला आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक हरीश शर्मा, मंडल महामंत्री सुदीप्ता शेखर मंडल, झिलकी नाग, प्रदेश अनुसूचित जाति मंत्री तथा पार्षद धनसिह नाग, प्रदेश ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य तथा पार्षद बीना साहू, श्यामलाल सेठिया, मनोज सिंग, मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, दिब्यो दुर्गा, अनुसुइया भोपले, अरुणा टंडन, अर्नब, बसंत, नरेंद्र सोनी समेत बचेली मंडल में निवासरत भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मंडल के पदाधिकारी और कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने बजट को विकासोन्मुख और समावेशी बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस प्रकार के सार्वजनिक प्रसारण की सराहना की, जिससे उन्हें सीधे सरकार की नीतियों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी कार्यकर्ताओं से बजट की प्रमुख उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तोकापाल में हुआ रजत जयंती महोत्सव



**जगदलपुर।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर उप संभाग तोकापाल के विद्युत वितरण केंद्र में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विद्युत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तोकापाल की जनपद अध्यक्ष रामबत्ती भंडारी, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, पदमनी कश्यप, जनपद सदस्य शांति नाग, सरपंच सोनमती भारती एवं उप सरपंच फूलमती सेठिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्युत कंपनी जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग के प्रदीप अग्रवाणी ने की। इस अवसर पर सहायक अभियंता बसंत कोडोपी, कनिष्ठ यंत्री सुयश साहू, ढाल सिंह साहू, भोला मौर्य, नीलिमा बघेल, प्रधान, राकेश मंडावी, प्रेमदास मानिकपुरी, पीलू राम, बालसिंह, बल्लू राम, शैलेन्द्र वट्टी, गीता भंडारी, मीनूस्वामी, ऋषिला यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### अवैध फर्नीचर निर्माण पर वन विभाग की कार्रवाई



**बीजापुर।** पामेड़ अभयारण्य क्षेत्र अंतर्गत धरसावास में अवैध लकड़ी कटाई एवं फर्नीचर निर्माण के विरुद्ध वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर धरसावास स्कूल के पीछे स्थित पुलिया के नीचे छापा मारकर अवैध गतिविधियों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से संचालित मशीनों से सागौन लकड़ी से फर्नीचर निर्माण किया जा रहा था। मौके से 3.652 घन मीटर सागौन लकड़ी, मशीनें एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। इस प्रकरण में वन अपराध क्रमांक 22180/01 दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि संरक्षित वन क्षेत्रों में अवैध कटाई एवं वन संपदा के दुरुपयोग के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### 5 हाईवा, 2 टिप्पर और एक पोकलेन मशीन जब्त

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में खनिज माफियाओं के हौसले पस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी और सख्त कार्यवाही की है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशों और खनि अधिकारी शिखर चेरपा के नेतृत्व में जिला खनिज जांच दल ने 27 से 29 जनवरी के बीच एक विशेष औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान जिले के कोड़ेनार, बस्तर, बनियागांव, बकावंड और परपा क्षेत्रों में ताबड़तोड़ दबिश देकर अवैध उत्खनन और परिवहन में लिप्त कुल 8 वाहनों को जब्त किया गया है। विभाग द्वारा की गई इस कार्यवाही में गौण खनिज चूनापत्थर और रेत का अवैध परिवहन करते हुए 7 भारी वाहनों को रंगे हाथों पकड़ा गया, जिनमें 5 हाईवा और 2 टिप्पर शामिल हैं।

# महाभंडारा में उमड़ा भक्तों का सैलाब, मंदिर क्षेत्र में दिखा मेला सा नजारा

## भगवान बालाजी मंदिर के 7 दिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





भगवान बालाजी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत विगत सात दिनों से चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों का रविवार को विशाल महाभंडारा के साथ श्रद्धापूर्ण समापन हुआ। महाभंडारा में लगभग 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान का अन्नभोग प्रसाद प्राप्त किया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ प्रसाद वितरण देर रात 10 बजे तक अनवरत रूप से चलता रहा, जिसमें श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

रविवार को प्रातःकाल मंदिर में सुप्रभातम्, नित्य आराधना, वेद पारायण, बाल भोग वितरण, नित्य होमम् एवं चक्रस्नानम् जैसे विधिवत धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके पश्चात 11 बजे महाआरती के आयोजन के बाद महाभंडारा प्रारंभ हुआ। दिन भर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा क्षेत्र मेले के स्वरूप में तब्दील हो गया। आम श्रद्धालुओं के साथ-साथ विशिष्ट जनों की भी बड़ी उपस्थिति रही। अत्यधिक आवागमन के कारण आसपास की मुख्य सड़कों पर वाहनों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

रात्रिकालीन अनुष्ठानों के अंतर्गत श्री पुष्पयागम्,विशेष हवन, महापूर्णाहुति संपन्न की गई। इसके पश्चात विधिवत ध्वजाअवरोहण के साथ भगवान बालाजी मंदिर के 25वें वार्षिकोत्सव का औपचारिक समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि इस सात दिवसीय महोत्सव के दौरान भव्य शोभायात्रा, श्रीनिवास कल्याणम्, सत्यनारायण कथा एवं कुमकुम पूजा जैसे आयोजनों में भी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और अपनी आस्था प्रकट की।

भक्तों की अभूतपूर्व उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी,बस्तर जिला आंध्र समाज के अध्यक्ष एम जयंत नायडू तथा श्री बालाजी टेंपल ट्रस्ट के चेयरमैन बी वासुदेव राव ने सात दिनों तक निरंतर सेवा में लगे कार्यकर्ताओं, श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## देवांगन समाज का दो दिवसीय उत्सव, मां परमेश्वरी जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न

# शोभायात्रा में गूंजे जयकारे, भजन-कीर्तन व आतिशबाजी से भक्तिमय हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बस्तर जिला देवांगन समाज द्वारा अपने ईष्ट देवी मां परमेश्वरी की जयंती दो दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के साथ श्रद्धा और हर्षोल्लास से मनाई गई।

- परमेश्वरी भवन में परिचय सम्मेलन,सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं में उमड़ा उत्साह

पथरागुड़ा स्थित मां परमेश्वरी भवन में आयोजित कार्यक्रमों में समाज के महिला-पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों की बड़ी सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के अंतर्गत मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया। इसके साथ ही रंगोली, ड्राइंग,कुर्सी दौड़, नृत्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

रविवार सुबह देवांगन समाज द्वारा पथरागुड़ा स्थित समाज भवन से मां परमेश्वरी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष भजन-कीर्तन और नृत्य करते हुए,जयकारों और आतिशबाजी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः समाज भवन पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान शहर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा उपरांत परमेश्वरी भवन में सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके साथ ही समाजिक बंधुओं के लिए महाभंडारे का आयोजन भी किया गया। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने परमेश्वरी भवन पहुंचकर समाज के सदस्यों से भेंट की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि समाज के लिए जहां भी आवश्यकता होगी, वे सदैव साथ खड़े रहेंगे। बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित मां परमेश्वरी जयंती समारोह में पूजा-अर्चना, विद्यारंभ संस्कार,खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं,भजन-कीर्तन,भव्य शोभायात्रा, महाभंडारा एवं विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन जैसे आयोजनों के माध्यम से देवांगन समाज ने अपनी सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक एकता और भावी पीढ़ी के संस्कारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। दो दिवसीय इस आयोजन में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया।

## 5.49 लाख का 10.980 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर जिले के नगरनार पुलिस ने रविवार को धनपूंजी नाका में आरोपी के कब्जे से 10.980 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त किया, जप्त गांजा की कीमत लगभग 5.49 लाख रूपए बताया जा रही है। बताया जा रहा है कि सरहदी उड़ीसा राज्य से छत्तीसगढ़ राज्य की ओर होने वाले अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के दिशा निर्देशन, नगर पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया। इस पर थाना नगरनार पुलिस टीम द्वारा गांजा तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग के पीठठु बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर उड़ीसा प्रांत से धनपुंजी के रास्ते विक्रय करने हेतु आने वाला है। इस पर पुलिस टीम ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 के पास पहुंचकर आने जाने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों को चेक किया जा रहा था। उसी समय जगदलपुर की ओर जाने वाले वाहन में बैठने के लिए धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास पहुंचा जो पुलिस नाकाबंदी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना नाम संतोष बसोड़ निवासी ग्राम मलावर थाना मलावर जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। मौके पर आरोपी के कब्जे के पीठठु बैग का तलाशी लेने पर 2 पैकेट में 10.980 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा, किमती 5 लाख 49 हजार रुपए, नगदी रकम 530 रुपए को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी को अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश करने रवाना किया गया है। महत्वपुर्ण भुमिका अदा करने वाले अधिकारी का नाम निरीक्षक संतोष सिंह, सउनि दिनेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक रमेश पासवान, कृष्णा भारती आरक्षक बलराम कश्यप, दशरू नाग, डीएसएफ आरक्षक विरेन्द्र ठाकुर का विशेष योगदान रहा है।

- अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन पर अंकुश लगाने जुटी पुलिस

## राष्ट्रीय सम्मेलन में फेलोशिप से सम्मानित हुए डॉ. जॉन मसीह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

स्व. महेंद्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल के चिकित्सा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एम डी मेडिसिन डॉ. जॉन मसीह को इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन की प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पटना में आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एपिकॉन 2026 के दौरान इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डीन, एपिकॉन 2026 के प्रेसिडेंट इलेक्ट एवं वैज्ञानिक समिति के चेयरमैन प्रो. जी. नरसिमुलु, महासचिव डॉ. पुनीत सक्सेना, डीन आईसीपी डॉ. गिरिश माथुर तथा आयोजन सचिव डॉ. कमलेश तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे। यह सम्मान उनकी विशेषज्ञता, समर्पण और मानव सेवा क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय योगदान आभार और सम्मान के लिए मिला।

## जेसीआई सिटी की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, युवा नेतृत्व को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



जेसीआई जगदलपुर सिटी द्वारा वर्ष 2026 की नवीन कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार की शाम होटल एम्बिशन, जगदलपुर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। शाम 7:30 बजे प्रारंभ हुए इस समारोह में जेसीआई सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और शहर के प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन की अब तक की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं को लेकर उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली।

- संगठन को सशक्त बनाने का लिया गया संकल्प

समारोह के दौरान नई कार्यकारिणी को विधिवत शपथ दिलाई गई। नवदायित्व ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को और अधिक सशक्त करने,युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों की प्रस्तुति भी दी गई,जिसे उपस्थितजनों ने सराहना के साथ देखा।

मुख्य अतिथि बस्तर पुलिस अधीक्षक (एसपी) सलभ कुमार सिन्हा, ने अपने संबोधन में कहा कि जेसीआई जैसे संगठन युवाओं को नेतृत्व,अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और संगठित प्रयासों से समाज में सार्थक परिवर्तन लाया जा सकता है,और इस दिशा में जेसीआई की भूमिका सराहनीय रही है। विशिष्ट अतिथियों ने भी नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

कार्यक्रम का समापन संगठन के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी सदस्यों एवं अतिथियों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया गया,जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी संवाद और विचार-विमर्श हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एसपी सलभ कुमार सिन्हा, पदस्थापन अधिकारी जोन प्रेसिडेंट प्रणव लाथ,जोन वाइस प्रेसिडेंट रूपम दास की उपस्थिति रही। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष नितिन खत्री, सचिव यश बोथरा, कोषाध्यक्ष अक्षय गुप्ता,उपाध्यक्ष (ग्रोथ) गौतम राव, उपाध्यक्ष (मैनेजमेंट) भूपेश सोमानी, उपाध्यक्ष (प्रशिक्षण एवं व्यापार) गौरव डोडिया, ग्रेस्टर कुंदन चांडक, उपाध्यक्ष (मार्केटिंग) अभिषेक राव,जनसंपर्क अधिकारी नितेश सिंह चौहान शामिल हैं। कार्यक्रम निदेशक विशाल दुलहानी रहे तथा संचालन पियूष हेलिवाल ने किया। इस अवसर पर नवीन भावसार, श्रीपाल जैन, मनीष मूलचंदानी, कुलजीत सिंह,साहिल बारवटिया, अमरदीप सोढ़ी, राहुल जैन, मनोज थॉमस सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




# पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



लोहंडीगुड़ा उपसंभाग अंतर्गत ग्राम लोहंडीगुड़ा विद्युत वितरण केन्द्र में 30 जनवरी को रजत जयंती महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में बड़े धराउर के उप सरपंच रमेश मेश्राम, सहायक अभियंता राजेन्द्र कुमार नेताम, कनिष्ठ अभियंता राकेश जगत एवं भोले शंकर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा विगत दो वर्षों से नियमित रूप से विद्युत देयकों का भुगतान करने वाले, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा विगत दो वर्षों से नियमित विद्युत बिल भुगतान करने वाले, एकल बत्ती कनेक्शन अंतर्गत निर्धारित यूनिट खपत करने वाले उपभोक्ताओं, कृषक जीवन ज्योति योजना तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी कर्मचारियों में योगेश नेताम, गंगाराम मांडवी, मनीष कुमार ध्रुव, भूपेन्द्र नेताम, ललित नाग, धनशाय, हेम सिंह, रुपेश सहित अन्य सहयोगी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

- हर्षोल्लास व उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ रजत जयंती महोत्सव

# कृषक जीवन ज्योति योजना के लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा उपसंभाग अंतर्गत ग्राम घोटिया विद्युत वितरण केन्द्र में 31 जनवरी को रजत जयंती महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- नियमित रूप से विद्युत देयकों का भुगतान करने वालों को किया सम्मान

महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में घोटिया के जनपद सदस्य जीवननाथ बघेल, भैंसागांव सरपंच मदनराम बघेल, सरपंच कचरूराम कश्यप बोदरा, सहायक अभियंता राजेन्द्र कुमार नेताम, कनिष्ठ अभियंता भोले शंकर साहू एवं राकेश जगत की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा विगत दो वर्षों से नियमित रूप से विद्युत देयकों का भुगतान किए जाने, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा विगत दो वर्षों से नियमित विद्युत बिल भुगतान, एकल बत्ती कनेक्शन अंतर्गत निर्धारित यूनिट खपत करने वाले उपभोक्ताओं तथा कृषक जीवन ज्योति योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी कर्मचारियों में जुगधार नाग, त्रिपति भारद्वाज तथा भूपेन्द्र नेताम सहित अन्य सहयोगी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

